CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 213 रायपुर, बुधवार 26 अगस्त 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### जाति जनगणना पर पीएम मोदी को पत्र लिखे जाने पर सांसद संतोष पांडेय का सवाल, कहा- राहुल गांधी पहले बताएं कि वे किस जाति के हैं?

**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जातिगत जनगणना को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखे जाने पर सांसद संतोष पांडे ने बड़ा सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि पहले राहुल गांधी बताएं कि वे किस जाति से हैं? क्या राहुल गांधी पारसी हैं? देश को बताना चाहिए आखिर राहुल और प्रियंका किस जाति के हैं? वहीं छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस की बैठक को लेकर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों का शोषण करती है. आदिवासियों को अपमानित, जेल भेजने का काम करती है. भूपेश बघेल के कार्यकाल में क्या स्थिति थी, सब जानते है। बीजेपी के मैराथन बैठक पर सांसद संतोष पांडे का बयान हम अपने शस्त्र को मांजते रहते है. शांति काल में भी बीजेपी युद्ध के लिए तैयार रहती है. अलग-अलग कार्यक्रमों की समीक्षा हो रही है. आने वाले दिनों के लिए कार्यक्रम की रणनीति तय हो रही है।




### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी ईद मिलादुन्नबी की बधाई



**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग एवं शहर सीरतुन्नबी कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद स.अ.व. के जन्मदिवस जशने ईद मिलादुन्नबी की बधाई एवं मुबारकबाद दीं। पैग़म्बर साहब के जन्मदिवस के अवसर पर शहर सीरतुन्नबी कमेटी द्वारा आयोजित जुलूसे मुहम्मदी एवं अन्य कार्यक्रमों की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को दी गई । इस अवसर पर साय ने भी हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग एवं शहर सीरतुन्नबी कमेटी के पदाधिकारियों को एवं मुस्लिम समाज को पैग़म्बर साहब के जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साय ने कहा कि पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद ने जो आपसी भाईचारा और मुहब्बत का संदेश दिया है उसे आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस मौके पर शहर सीरतुन्नबी कमेटी के सद्र सोहेल सेठी एवं बदरुद्दीन खोखर भी उपस्थित थे।

### इस्लामाबाद के शीर्ष अस्पताल पीआईएमएस में लगी आग, 15 नवजातों की मौत

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बुधवार को एक सरकारी अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में आग लगी। इसके कारण 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह जानकारी 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार है। यह घटना राजधानी के सबसे बड़े और अच्छी सुविधाओं वाले सरकारी अस्पताल, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में हुई। पीआईएमएस की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 बच्चे थे। उन्होंने कहा, हो सकता है कि रात में कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई हो, इसलिए अभी हताहतों की सही संख्या नहीं बताई जा सकती। घटना के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी मालूम होती है। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है, लेकिन कूलिंग प्रोसेस में कुछ समय लगेगा।




**चूहा- सुनती हो, अब शनिवार को सुबह की जगह दोपहर में क्लास लगाई जाएगी।**
**चुहिया- हां जी, धीरे-धीरे रात्रि में भी लगाई जाएगी..!**

## लिव-इन में रह रहे प्रेमी जोड़े ने काटा गला

### प्रेमी की मौत, प्रेमिका घायल



**अंबिकापुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शहर के सुभाष नगर इलाके में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक की घर पर खून से लथपथ लाश मिली. घटना के बाद युवक की प्रेमिका ने भी गला काटकर खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया. मृतक की पहचान मोहन पैकरा के रूप में हुई है. पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, युवक पिछले करीब 10 साल से अपनी प्रेमिका के साथ किराए के मकान में रह रहा था. घटना के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसके बाद उसकी मौत हो गई. वहीं, उसके साथ रह रही प्रेमिका ने भी अपना गला काट लिया. गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रेमिका का कहना है कि उसके प्रेमी ने खुद अपना गला काटा था. इसके बाद उसे खून से लथपथ देखकर उसने भी अपना गला काट लिया. फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. घर के दरवाजे पर युवक का खून से लथपथ शव बरामद हुआ. दीवार पर भी खून के निशान मिले. फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए. युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस मामले में की जांच में जुटी हुई है. घटना के कारणों की तलाश की जा रही है।

## टीएमसी के 20 बागी सांसदों की बढ़ी मुश्किलें

### लोकसभा सचिवालय ने भेजा नोटिस सात दिन में देना होगा जवाब

**नई दिल्ली, 26 अगस्त (न्यूज चैनल)।** लोकसभा सचिवालय ने टीएमसी के 20 बागी सांसदों को अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर अयोग्यता याचिकाओं पर नोटिस भेजकर सात दिनों में जवाब मांगा है। इन सांसदों पर आरोप है कि वे टीएमसी से अलग होकर एनसीपीआई के साथ चले गए हैं। टीएमसी इसे स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता छोड़ना बताते हुए दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता का आधार मान रही है, जबकि बागी सांसद अपने कदम को वैध विलय बता रहे हैं।

मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जहां अदालत ने कहा है कि अहम सवाल नोटिस जारी करना नहीं, बल्कि कार्यवाही को तय समयसीमा में पूरा करना है। 25 अगस्त को जारी इन नोटिसों के साथ अभिषेक बनर्जी की ओर से 18 जून को दायर की गई याचिका की प्रति भी सांसदों को भेजी गई है। यह याचिका लोकसभा सदस्यों के दलबदल के आधार पर अयोग्यता नियम, 1985 के नियम 6 के तहत दाखिल की गई थी। लोकसभा सचिवालय ने सभी 20 सांसदों से नोटिस मिलने के सात दिनों के भीतर याचिका पर अपनी टिप्पणी और जवाब दाखिल करने को कहा है। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा अभिषेक बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताने के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें दलबदल के आधार पर अयोग्यता की याचिकाओं पर जल्द फैसला लेने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने बनर्जी की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। बनर्जी ने अयोग्यता की कार्यवाही पर कथित देरी को चुनौती देते हुए अदालत से मामले में तेजी लाने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया, हालांकि लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय और सदन के महासचिव को अलग से नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि वह लोकसभा अध्यक्ष और महासचिव की ओर से पेश हो रहे हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने टिप्पणी की, यह नोटिस जारी करने का सवाल नहीं है, सवाल यह है कि कार्यवाही एक तय समयसीमा के भीतर पूरी हो। अभिषेक बनर्जी ने इससे पहले 20 सांसदों के खिलाफ अलग-अलग अयोग्यता याचिकाएं दायर की थीं। इसके बाद उन्होंने इन मामलों का जल्द निपटारा करने की मांग की।



#### अभिषेक बनर्जी की याचिका में इन 20 सांसदों के नाम

अभिषेक बनर्जी की याचिका में जिन 20 सांसदों के नाम शामिल हैं, उनमें काकोली घोष दस्तीदार, सुदीप बंद्योपाध्याय, शताब्दी रॉय, प्रसून बनर्जी, रचना बनर्जी, जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया, पार्थ भौमिक, अरूप चक्रवर्ती, अधिकारी दीपक देव, सायनी घोष, बापी हलदार, मोहम्मद अबू ताहेर खान, कालीपद सरन खेड़वाल, असीत कुमार माल, जून मलिया, मिताली बाग, खलीलुर रहमान, माला रॉय, शर्मिला सरकार और यूसुफ पठान शामिल हैं।

## रक्षाबंधन पर रेलवे का यात्रियों को तोहफा कई रूटों पर चलेगी स्पेशल पैसेंजर ट्रेन



**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** रक्षाबंधन पर्व के दौरान रेल यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है. त्योहार पर घर जाने वाले भाई-बहनों को राहत देने के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल ने दुर्ग-रायगढ़-दुर्ग के बीच 27 से 29 अगस्त 2026 तक रक्षाबंधन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है. इस गाड़ी में कुल 10 आई सी एफ कोच रहेंगे, जिसमें 8 जनरल और 2 एसएलआरडी कोच लगेंगे। इससे दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा-नेवरा, भाटापारा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, खरसिया, रायगढ़ सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलेगी।

**दुर्ग से सुबह 10:30 बजे होगी रवाना:** गाड़ी संख्या 08834 दुर्ग-रायगढ़ पैसेंजर स्पेशल दुर्ग से सुबह 10:30 बजे रवाना होगी और रात 7 बजे रायगढ़ पहुंचेगी. रास्ते में ट्रेन भिलाई नगर 10:37 बजे, भिलाई पावर हाउस 10:43, भिलाई 10:51, देवबलोदा चरोदा 10:56, कुम्हारी 11:4, सरोना 11:11, सरस्वती नगर 11:17 और रायपुर 11:25 बजे पहुंचेगी. इसके बाद डब्ल्यूआरएस 11:35, उरकुरा 11:53, मांढर 12:01, सिलियारी 12:11, बैकुंठ 12:20, तिल्दा-नेवरा 12:26, हथबंद 12:36 और भाटापारा 12:50 बजे पहुंचेगी. ट्रेन निपानिया 13:18, दागोरी 13:28, बिल्हा 13:38, चक्करभाटा 14:11, दाधापारा 14:20 और बिलासपुर 14:45 बजे पहुंचेगी. इसके बाद गतौरा 15:05, जयरामनगर 15:13, अकलतरा 15:27, जांजगीर-नैला 15:44, चांपा 15:55, सारागांव-देवरी 16:06, बुढार 16:13, सक्ती 16:59, जारडीह 17:09, खरसिया 17:16, रॉबर्टसन 17:25, भूपदेवपुर 18:04 और किरोड़ीमल नगर 18:13 बजे रुकते हुए रायगढ़ 19:00 बजे पहुंचेगी।

## त्रिकुंडा बांध के लीकेज को ठीक करने उतरे बुजुर्ग की डूबने से हुई मौत


परिजनों ने की जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

**बलरामपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के त्रिकुंडा जलाशय बांध के लीकेज को ठीक करने उतारे गए एक बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने बिना सुरक्षा इंतजाम के बुजुर्ग को बांध में उतारने का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। यह पूरा मामला त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का है।

बताया जा रहा है कि बांध में लीकेज की समस्या को ठीक करने के लिए बुजुर्ग को आज पानी में उतारा गया था। परिजनों का आरोप है कि बुजुर्ग की तबीयत पहले से खराब थी, इसके बावजूद उन्हें काम पर ले जाया गया। इसी दौरान वह पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद मामले की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे। घटना के बाद अधिकारी गांव से निकलकर थाने पहुंचे, जहां मामले को लेकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। परिजनों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि बुजुर्ग को बांध के लीकेज वाले हिस्से में उतारते समय पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सड़कों पर जेन-अल्फा: शिक्षा मंत्री ने कहा- बच्चों को उकसा कर कांग्रेस करवा रही प्रदर्शन

**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** दिल्ली के जंतर-मंतर में नीट परीक्षा लीक को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद छत्तीसगढ़ में भी इसका प्रभाव दिख रहा है. जेन-जी के बाद, अच्छी शिक्षा, टीचरों की कमी जैसे मुद्दे पर पर अब जेन-अल्फा सड़कों पर उतर आए हैं. प्रदेशभर में स्कूली बच्चों के प्रदर्शन के बीच शिक्षा मंत्री का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को उकसा कर कांग्रेस प्रदर्शन करवा रही है।



शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अलग-अलग जिलों से सामने आ रहे स्कूली छात्रों के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के कारण यह प्रदर्शन हो रहे हैं. बच्चों को आगे कर कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर रही है. सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। मंत्री गजेंद्र स्कूली छात्रों के प्रदर्शन को कांग्रेस जनित प्रदर्शन करार दिया और कहा कि सरकार प्रदेशभर में 8 हजार शौचालय का निर्माण करने वाली है. कांग्रेस श्रेय की राजनीति कर रही है. बच्चों को उकसा कर उनसे प्रदर्शन करवाया जा रहा है। युवा कांग्रेस चुनाव पर सियासी घमासान मचा हुआ है. इस मामले में मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस में लड़ाई नई बात नहीं है। भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के बीच लड़ाई शुरू से है. इस बार भी नीचा दिखाने के लिए एक दूसरे खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हो रही मैराथॉन बैठकों को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा दिया कि बीजेपी में लगातार काम काज को लेकर बैठक होती है. लगातार प्रभार जिलों में भी बैठक करते हैं।

## प्रदेश में लक्ष्य का 97 प्रतिशत बोनी पूर्ण



**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** प्रदेश में खेती किसानी का कार्य जोरों पर है। राज्य में 25 अगस्त की स्थिति में राज्य के 47.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्रों में लक्ष्य का 97 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। इस खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश किसानों को सुगमता से मिले खाद-बीज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग करने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किए गए हैं। उन्होंने किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण करने को कहा हैं। खाद-बीज वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सोसायटियों में पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण कर सतत निगरानी करने को कहा गया है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किसानों को अब तक 12.07 लाख मीट्रिक टन खाद और 4.58 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। खेती का प्रारंभिक कार्य लगभग अंतिम चरण में है। राज्य में अब तक 47.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों जैसे धान, मक्का, कोदो, कुटकी, अरहर, मूंग, मूंगफली, रामतिल आदि की बोनी हो चुकी है, जो लक्ष्य का 97 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में इस खरीफ सीजन में 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य के विरूद्ध 16.67 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में भंडारण किया गया है। उक्त भंडारण के विरूद्ध 12.07 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 72 प्रतिशत है।

इसी प्रकार खरीफ सीजन 2026 के लिए बीज निगम द्वारा प्रदेश में 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरूद्ध 4.80 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 4.58 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो मांग का 93 प्रतिशत है। अधिकारियों ने बताया कि 25 अगस्त सुबह तक की स्थिति में प्रदेश में अब तक 839.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1246.3 मिमी है।

#### आदिवासी कांग्रेस की बैठक में विक्रांत भूरिया के शामिल होने पर अजय चंद्राकर का तंज

## कहा- मप्र की राजनीति में बनाएं अपनी पहचान, छग में बहुत हैं आदिवासी नेता

**रायपुर, 26 अगस्त (हाईवे चैनल)।** आदिवासी कांग्रेस की आज होने वाली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया शामिल होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि विक्रांत भूरिया को मध्यप्रदेश की राजनीति में पहचान बनानी चाहिए. छत्तीसगढ़ में बहुत स्थापित आदिवासी नेता हैं. प्रदेश में बघेल का नेतृत्व भी बहुत है. उनका आना 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' जैसा है। वहीं जल-जंगल जमीन को खतरा बताए जाने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि सब सुरक्षित हैं. आप पहले ये बताएं कि किस तरह से जल, जंगल, जमीन को खतरा है. राजनीतिक रूप से बात ना करके सही कारण बतायेंगे तो बहस करेंगे. बस्तरवासी अब जब स्वाभाविक जीवन जी रहे हैं, तो उन्हें दिक्कत हो रही हैं। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्षों के बाद अब ब्लॉक अध्यक्ष की ट्रेनिंग पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि जो ट्रेनर हैं, वो अपने-अपने इलाके में फ्लॉप शो वाले हैं. कैसे फ्लॉप हुई, इस पर ट्रेनिंग लेने का क्या मतलब? सफलता का कोई मॉडल होना चाहिए.



कर्नाटक में राहुल जिसका विरोध करते हैं, बंद कमरे में वहीं शिव कुमार से मिलने जाते हैं. ये कोन सा मॉडल हैं? जो ट्रेनिंग ये यहाँ देंगे, ये समझ से बाहर हैं. ये ट्रेनिंग हार का मॉडल है। वहीं शक्कर के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस ने पोस्टर जारी कर भाजपा पर डायबिटीज मुक्त भारत योजना बनाने का आरोप लगाया है. इस पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जो भी परिस्थियाँ हैं, सामने है. सरकार मूल्य पर नियंत्रण भी कर रही है. कांग्रेस नेताओं को सब चीज छोड़कर मनुस्मृति पढ़ना चाहिए. राहुल गांधी का ध्यान मनुस्मृति में है. तथाकथित महंगाई में नहीं है. सनातन के मुख्य ग्रंथ को पढ़ेंगे, तो तोड़-मरोड़ कर बात पेश नहीं करेंगे।

CMYK